हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 27 सितंबर, 2025

14 पर्यावरण संरक्षण समय की मांग: गर्ग


13 पं. दीनदयाल भारतीय राजनीति में थे एक आदर्श...


**खबर संक्षेप**

### जिला पुलिस ने दो शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शराब तस्करों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने दो युवकों को काबू किया है। पहले मामले में सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि एएसआई राजेश कुमार अपनी टीम के साथ गश्त और नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए गांव ललोदा इलाके में मौजूद थे। इस दौरान पुलिस टीम को गुरुद्वारा के पास एक व्यक्ति संदिग्ध हालात में नीली कैनी लिए दिखाई दिया।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित दो युवक काबू

**फतेहाबाद।** थाना भुना पुलिस ने वाहन चोरों की धरपकड़ करते हुए चोरीशुदा बाइक बरामद कर दो युवकों को काबू किया है। थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुनील कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह और रविन्द्र पुत्र रणजीत निवासी गांव लहरियां को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से एक चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की गई।

### अवैध हथियार सप्लायर को किया काबू

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने अवैध हथियार सप्लायर सुरेंद्र कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी खाबड़ा कलां को काबू कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि इस बारे 8 सितम्बर को पुलिस पार्टी नियमित गश्त पर थी। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियों पर शक होने पर उसे चेक किया गया।

### एडीसी ने बैठक में शिकायतों की समीक्षा की

**सिरसा।** समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का अधिकारी प्राथमिकता से समाधान करें। इसके अलावा कार्यालयों में सीधे तौर पर आने वाली जनशिकायतों का भी जल्द से जल्द निवारण सुनिश्चित करें। यदि शिकायत के समाधान में अगर किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जाए। ये निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

### पुलिस ने यूपी का एक साइबी ठग दबोचा

**फतेहाबाद।** क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने का लालच देकर हजारों रुपये ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने उत्तरप्रदेश के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान पियूष कुमार पुत्र वीर सिंह निवासी विष्णु बिहार, जिला छपरौला (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता सतपाल पुत्र जगनलाल निवासी वार्ड नं. 3, हनुमान कॉलोनी, रतिया ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी।

## फतेहाबाद पुलिस के पेट्रोल पंप संचालकों को सख्त निर्देश

# सीसीटीवी, सुरक्षा गार्ड व संदिग्ध वाहनों की सूचना देना अनिवार्य

*जिले में अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ता को प्रशासन अलर्ट*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में अपराधों की रोकथाम, कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ता और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन निरंतर निगरानी एवं सतर्कता बरत रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों से अपील की है कि वे बिना रजिस्ट्रेशन नंबर या फर्जी नंबर प्लेट वाले किसी भी वाहन को पेट्रोल, डीजल या अन्य प्रकार का ईंधन न दें। एसपी जैन ने बताया कि बीते कुछ समय में जिले में घटित कई संगीन आपराधिक घटनाओं में ऐसे वाहनों का प्रयोग किया गया है, जिन पर या तो नंबर प्लेट नहीं थी या फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई थी। इससे अपराधियों की पहचान करना मुश्किल हो जाता है और वे कानून की पकड़ से बाहर रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पेट्रोल पंप संचालक सजग रहें और ईंधन भरने से पहले वाहनों की वैधता जांच लें, तो कई अपराधों को घटित होने से पहले ही रोका जा सकता है। यह निर्देश केवल एक सामान्य सलाह नहीं है, बल्कि स्पष्ट चेतावनी है। यदि कोई पेट्रोल पंप संचालक बिना नंबर प्लेट वाले वाहन को ईंधन भरते हुए पाया गया, तो इसे अपराध में परोक्ष सहयोग माना जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित पेट्रोल पंप पर कानूनी कार्रवाई, जुर्माना, तथा आवश्यकतानुसार लाइसेंस निरस्त करने तक की कार्रवाई की जा सकती है। अंत में उन्होंने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों से अपील की कि वे इस एडवाइजरी का गंभीरता एवं जिम्मेदारी से पालन करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही, न केवल कानूनी दृष्टि से आपत्तिजनक है, बल्कि यह जिले की समग्र सुरक्षा व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। सभी संचालक सुनिश्चित करें कि उनका सहयोग फतेहाबाद को एक अपराध-मुक्त, सुरक्षित और शांतिपूर्ण जिला बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

- **जिले में बढ़ रही संगीन घटनाओं की रोकथाम को पुलिस बनी रही प्लान**



एसपी सिद्धांत जैन।

**प्रशासन सख्त**

सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने परिसर में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित करें। ये कैमरे 24 घंटे कार्यशील स्थिति में हों और उनकी रिकॉर्डिंग कम से कम 60 दिनों तक सुरक्षित रखी जाए। कैमरों की पोजिशन इस प्रकार होनी चाहिए कि हर वाहन की नंबर प्लेट, चालक का चेहरा और उसकी गतिविधियां स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड हों। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक पेट्रोल पंप पर कम से कम एक प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जानी आवश्यक है। गार्ड को संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने और आवश्यकता पडने पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए प्रशिक्षित किया जाए। यदि किसी भी पंप पर कोई संदिग्ध वाहन, व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे, तो उसकी सूचना तुरंत थाना कंट्रोल रूम या पुलिस आपात सेवा 112 पर दी जाए।



**फतेहाबाद।** अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

### यातायात व्यवस्था करें दुरुस्त: डीसी

- **उपायुक्त ने अधिकारियों की ली बैठक, कहा: एक साल से लंबित कोई शिकायत अब पेंडिंग न रहे**

**फतेहाबाद।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यालय में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एसएमजीटी पर दर्ज शिकायतों का समाधान 24 से 48 घंटों के भीतर पूरा होना चाहिए, ताकि नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके। शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि पिछले वर्ष से लंबित कोई भी शिकायत अब पेंडिंग नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर, सीएम विंडो और जनसंवाद पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का आवश्यक टिप्पणियों सहित निपटान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने कार्यालयों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। कंडम वाहन व सामान का निस्तारण एडीसी की अध्यक्षता में गठित कमेटी के माध्यम से किया जाए। साथ ही, हार्टोन पॉलिसी के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का निपटान भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाए। डॉ. भारती ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि त्योहारी सीजन में बाजारों पर विशेष निगरानी रखी जाए।



**फतेहाबाद।** मांगों को लेकर धरना देते कॉलेज के गैर शैक्षिक कर्मचारी।

## वेतन सहित उठाई कई मांगे

# शैक्षिक कर्मचारियों ने किया धरना-प्रदर्शन

- **सरकार के उदासीन रवैये के खिलाफ जमकर नारेबाजी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा प्रदेश के सभी 97 सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के गैर शैक्षिक कर्मचारियों ने वेतन, एचआरए, ग्रेच्युटी सहित अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में फतेहाबाद एमएम कॉलेज के गैर शिक्षक कर्मचारियों ने भी आज मांगों को लेकर धरना दिया और रोष जताते हुए नारेबाजी की। धरने की अध्यक्षता हरियाणा निजी कॉलेज गैर-शिक्षण कर्मचारी यूनियन के यूनिट प्रधान मुकेश कुमार बिट्टू ने की व संचालन संगठन संरक्षक सुदर्शन सिंह मल्होत्रा, यूनिट सचिव जय प्रकाश, यूनिट सदस्य अनु जिंदल, नरेंद्र सरदाना, जितेंद्र बत्रा, गुरप्रीत सिंह, नरोतम पंत, तारा चंद, शमी, शाम नारायण, मुल्ख राज, सुरेश कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे। धरने को संबोधित करते हुए संगठन सचिव डॉ. रमनदीप सिंह ने कहा कि प्रदेश के एडेड कॉलेजों में लगभग 4700 पद स्वीकृत है जिनमें से लगभग 3000 शैक्षिक व गैर शैक्षिक कर्मचारी कार्यरत है, जिन्हें 95 प्रतिशत अनुदान सरकार द्वारा दिया जाता है। इन महाविद्यालयों में से ज्यादातर कॉलेज आजादी से पहले या हरियाणा प्रदेश के गठन से पहले के हैं। पिछले एक दशक से कॉलेजों में कार्यरत स्टाफ में सरकार व विभाग के उदासीन रवैये को लेकर संघर्षरत हैं।

**सरकार के दावे फेल**

यूनिट प्रधान मुकेश कुमार बिट्टू ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार बड़े-बड़े मंचों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के दावे करती है, दूसरी तरफ कार्यरत कर्मचारी महीनों तक अपनी सैलरी के लिए तरसते रहते हैं। यह स्थिति न केवल कर्मचारियों के जीवन को अस्त-व्यस्त कर रही है, बल्कि कॉलेजों के कामकाज और शैक्षणिक माहौल पर भी असर डाल रही है। कर्मचारी संगठन ने कहा कि अगर जल्द ही बकाया वेतन और अन्य लाभ भत्तों को जारी नहीं किया गया तो मजबूरन बड़े स्तर पर आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विवश होंगे।



**फतेहाबाद।** मांगों को लेकर धरना देते कॉलेज के शिक्षक। *फोटो: हरिभूमि*

# फतेहाबाद में सरकार के खिलाफ भड़के शिक्षक

- **काले बिल्ले लगाकर किया जमकर प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के आह्वान पर एमएम महाविद्यालय के शिक्षकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में कॉलेज में धरना प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन हरियाणा सरकार को जगाने और उनकी समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग करने के लिए किया गया। फतेहाबाद यूनिट के उपप्रधान डॉ. सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि प्राध्यापकों ने शिक्षण कार्य के साथ-साथ काले बिल्ले लगाकर भी विरोध जताया और एसोसिएशन की राज्य स्तरीय मुहिम में अपना समर्थन दिया। प्राध्यापकों ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन उपायुक्त, फतेहाबाद को भी सौंपा।

उन्होंने कहा कि 97 सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों के कर्मचारियों को वेतन, अवकाश नकदीकरण और ग्रेच्युटी बजट विधानसभा में पारित होने और वित्त विभाग से अनुमोदित होने के बावजूद समय पर वेतन नहीं मिलता है। नई परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना के तहत आने वाले सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति, ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी का लाभ देना। प्राध्यापकों ने पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की भी मांग की।

### सट्टा एवं धोखाधड़ी का आरोपी किया काबू

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन सट्टा व धोखाधड़ी के एक मामले में इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान करण पुत्र सज्जन कुमार निवासी भरोखां, जिला सिरसा के रूप में हुई है। आरोपी से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। इससे पहले इसी प्रकरण में दो अन्य आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। इकोनॉमिक सेल प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि मामले में दर्ज शिकायत के अनुसार, शिकायतकर्ता का नाबालिग बेटा आरोपियों के संपर्क में आकर ऑनलाइन सट्टा और गेमिंग में लिप्त हो गया था। आरोपियों ने उसे करोड़ों कमाने का लालच देकर अपने जाल में फंसा लिया। शिकायत के अनुसार वर्ष 2023 की शुरुआत में ही आरोपियों ने नाबालिग से 4.50 लाख की वसूली की। इसके बाद उससे 9 लाख से अधिक की अतिरिक्त रकम भी ठग ली गई। आर्थिक दबाव के चलते पीड़ित परिवार ने लगभग 57 तोले सोने के आभूषण गिरवी रखे, जिनमें से अधिकांश आरोपियों द्वारा बेच दिए गए।

- **आरोपी से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया**



नया शोरूम :- तनिष्क, बस स्टैंड के पास, हिसार रोड, सिरसा, टेली.: 86077 80000

**कामयाबी** | नूर ऑर्गेनिक प्रोडक्ट ब्रांड बना गुणवत्ता का प्रतीक

# कुलबीर ने शहद उत्पादन में रची सफलता की गाथा

*100 बॉक्स से मधुमक्खी पालन शुरू किया आज हैं 650 बॉक्स*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले के जाखल क्षेत्र के गांव चिलेवाल के युवा किसान कुलबीर सिंह ने साबित कर दिया है कि गांव की मिट्टी में भी बड़े सपने पनप सकते हैं। 2014 में उन्होंने महज 100 बॉक्स से मधुमक्खी पालन शुरू किया। यह सफर आसान नहीं था, लेकिन मेहनत, लगन और ईमानदारी से आज वे 650 बॉक्स से शहद उत्पादन कर रहे हैं। उनका ब्रांड नूर ऑर्गेनिक प्रोडक्ट अब स्थानीय ही नहीं बल्कि ऑनलाइन बाजार तक अपनी धाक जमा चुका है। कुलबीर सिंह बताते हैं कि शुरुआत में वे अपने शहद को दूसरे प्रोसेसिंग प्लांट्स को बेचते थे। उनकी क्वालिटी इतनी बेहतरीन थी कि ग्राहकों से लगातार प्रोत्साहन मिलता रहा। और कामयाबी की मिसाल कायम कर दी है।



**फतेहाबाद।** गांव चिलेवाल में अपने मधुमक्खी पालन करते कुलबीर सिंह।

**कुलबीर बने प्रेरणा**

जिला बागवानी अधिकारी श्रवण कुमार ने कहा कि कुलबीर सिंह जैसे युवा किसानों ने यह साबित किया है कि सरकार की योजनाओं और सब्सिडी का सही उपयोग करके आत्मनिर्भर बना जा सकता है। उन्होंने मधुमक्खी पालन और शहद प्रोसेसिंग के क्षेत्र में जो पहल की है, वह अन्य किसानों और युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। विभाग हमेशा ऐसे प्रगतिशील किसानों को तकनीकी और मार्गदर्शन की मदद देता रहेगा।


कुछ प्रजातियां, जैसे न्यूज़ीलैंड के कुछ पक्षी और कीवी पक्षी, अंधे होते हैं और गंध के सहारे शिकार करते हैं।


पपुआ न्यू गिनी का हूडेड पिटोहुई दुनिया का एकमात्र जहरीला पक्षी है।



# एमबीए करने के बाद बना सकते हैं अच्छा करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

आप भी एमबीए करने के बारे में सोच रहे हैं और आपको नहीं पता कि एमबीए करने के फायदे क्या होते हैं और एमबीए करने से क्या होता है तो यह जानकारी आपके लिए महत्वपूर्ण होने वाली है। बहुत सारे विद्यार्थियों को बिजनेस में रुचि होती है। जो विद्यार्थी बिजनेस में इंटरेस्ट रखते हैं वह अपना खुद का व्यापार करना चाहते हैं। ऐसे में उनका गोल सेट होता है कि उन्हें एमबीए करना है। एक बेहतर माइंडसेट वाले स्टूडेंट को एमबीए करने के लाभ जरूर मिलते हैं। अगर आप भी बिजनेस में रुचि रखते हैं तो किसी भी अच्छे संस्थान से एमबीए कर सकते हैं।

## सरकारी कॉलेज से एमबीए

हम आपको कुछ ऐसे कॉलेजों के बारे में बता रहे हैं जहां से आप आसानी से यह डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। हमारे इस आर्टिकल से आपको काफी सहायता मिलेगी। विभिन्न कालेज तथा उनके फीस के बारे में आपको थोड़ा अंदाजा हो जाएगा। जिसके अनुसार आप किसी भी कॉलेज में एडमिशन ले पाएंगे जो आपके पसंद के मुताबिक होगा। आमतौर पर अगर आप प्राइवेट कॉलेज की बजाय सरकारी कॉलेज से एमबीए करते हैं तो फीस बहुत कम होती है। जैसे अगर हम दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स की बात करें तो इसकी 2 साल की एमबीए की फीस 30392 रुपये है।

### ये है बेस्ट प्लेसमेंट कॉलेज

ऐसे में अगर आप गरीब परिवार से भी संबंधित है तो भी आसानी से एमबीए की डिग्री कर सकते हैं। हालांकि एडमिशन लेने के लिए आपको एंट्रेंस टेस्ट पास करना होता है। हर कॉलेज की तरफ से प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है तथा प्रवेश परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थियों को ही कॉलेज में दाखिला दिया जाता है। सरकारी कालेजों मे एमबीए की फीस 30,392 से लेकर 400,000 लाख प्रतिवर्ष हो सकती है वही प्राइवेट कॉलेजों मे एमबीए के फीस 300,000 लाख से लेकर 1,300,000 रुपए तक हो सकती है। आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बंगलोर, आईआईएम कलकत्ता, एफएमएस दिल्ली, आईआईएम इंदौर, आईआईएम लखनऊ, यूबीएस चंडीगढ़ बेस्ट प्लेसमेंट देते हैं।

## एमबीए करने के फायदे

अब अगर हम इस बारे में बात करें कि एमबीए करने के फायदे क्या मिलते हैं तो एक अच्छे करियर ऑप्शन के साथ-साथ इसमें आपको बढ़िया सैलरी पैकेज में मिलता है। इन दिनों युवाओं में एमबीए को लेकर काफी क्रेज है। हर कोई इसे अपने करियर ऑप्शन के रूप में सेलेक्ट कर रहा है। एमबीए ऐसी डिग्री है जिसकी दुनिया के करीबन प्रत्येक यूनिवर्सिटी में है। आईआईएम से एमबीए कोर्स करने के लिए कैट यानी कॉमन एडमिशन टेस्ट की परीक्षा पास करनी होती है। इसके अतिरिक्त जैट और मैट एग्जाम पास करके भी विभिन्न मैनेजमेंट कॉलेजों में एडमिशन लिया जा सकता है। इसके अलावा कई यूनिवर्सिटी और मैनेजमेंट कॉलेज ऐसे भी हैं जो अपना एंट्रेंस एग्जाम स्वयं आयोजित करते हैं।

### अच्छा सैलरी पैकेज मिलता

एमबीए की डिग्री प्राप्त करने के बाद करियर के कई विकल्प खुल जाते हैं इसके साथ में हाई सैलरी पैकेज वाली जॉब भी मिलती है। एमबीए करके आप किसी भी कंपनी के सीईओ तक की पोस्ट तक पहुंच सकते है। सीईओ की पोस्ट हाई पेड़िंग जॉब है। आईआईएम से एमबीए करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट एक करोड़ तक की सैलरी पैकेज पर हो जाता है।

### स्किल में वृद्धि होती

एमबीए करने के बाद आपकी स्किल्स में वृद्धि होती है। आपके अंदर किसी भी काम को करने के लिए नई-नई स्किल आती है। ऐसे मैं आपके अंदर आइडिया आते हैं कि आप किसी काम को कितने तरीकों से कर सकते हैं। आप स्मार्ट तरीके से सोचने लगते हैं। इससे आप मार्केटिंग स्ट्रेटजी तेजी से तैयार कर सकते हैं। जो कि जॉब या अपने बिजनेस, दोनों में काफी काम आती है।

## खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकते

एमबीए करने के बाद स्टूडेंट्स जॉब करने की अपेक्षा अपने स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। इस कोर्स के बाद आपको मैनेजमेंट की समझ हो जाती है। ऐस में आप अपने स्टार्टअप को सफल बना सकते हैं। यही कारण है कि कई मैनेजमेंट ग्रेजुएट पढ़ाई पूरी करके अपना बिजनेस शुरू कर लेते है।

### कम्युनिकेशन स्किल में इजाफा

एमबीए कोर्स के दौरान स्टूडेंट्स की पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट पर काफी ध्यान दिया जाता है। इन सबमे कम्युनिकेशन स्किल काफी जरूरी है। अच्छी कम्युनिकेशन स्किल की जरूरत हर फील्ड में होती है। ऐसे में एमबीए कर लेने पर किसी भी फील्ड में फायदा होगा।

### प्रोफेशनल नेटवर्क बना सकते

एमबीए करने के बाद विद्यार्थी लाखों पूर्व छात्रों के वैश्विक नेटवर्क का भाग बन जाते हैं. जिससे आपके नेटवर्क में बढ़ोतरी होती है। इस नेटवर्क में आपकी फील्ड के अतिरिक्त अन्य प्रोफेशनल लोग भी शामिल होते हैं। जिनसे नेटवर्किंग करके अपने करियर को अपेक्षाकृत आसानी से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस प्रकार आप के अंदर एक अलग ही आत्मविश्वास होता है।

### जॉब के अवसर बढ़ जाते

एमबीए करने के बाद अभ्यर्थियों के जॉब के अवसर बढ़ जाते हैं। क्योंकि आज के दौर में बहुत सारी कंपनियां एमबीए कैंडिडेंटस को नौकरी पर रखती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास मैनेजमेंट से लेकर बिजनेस की समझ काफ़ी अच्छी होती है।

### एमबीए करने से ग्लोबल मार्केट की समझ हो जाती

एमबीए की पढ़ाई करने वाले छात्रों की ग्लोबल मार्केट को लेकर समझ बढ़ जाती है। एमबीए स्टूडेंट्स प्रोफेसरों से सीखने के अतिरिक्त अन्य देशों की अर्थव्यवस्था के बारे में भी समझ विकसित करते है। इस प्रकार उन्हें हर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी होती है। यह उसे कंपनी के लिए काफी लाभदायक हो सकता है जिसमें वह नौकरी कर रहे हैं।

---

तेजी से बदल रही दुनिया में रोजगार नए अवसर प्रदान कर रहा

# एआई अवसरों का नया द्वार, युवाओं के करियर को दे रहा नई उड़ान



विपुल शर्मा

मोटिवेशनल स्पीकर

तेजी से बदल रही दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। यह हर काम को जहां बेहद आसान बना रहा है, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में भी नए द्वारा खोल रहा है। इससे युवा अपने करियर को नई उड़ान भर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा नहीं रहा, बल्की अब यह हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। स्वास्थ्य, टेक, शिक्षा, साइंस और बड़ी बड़ी कंपनियां चाहे जो भी हर जगह एआई की डिमांड है। देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा भी अब एआई को लेकर गंभीर हैं और इस क्षेत्र में लगातार दक्षता हासिल कर रहे हैं। आज की दुनिया बड़ी तेज़ी के साथ बदल रही है। पहले जो काम सालों में होता था, अब महीनों में हो जाता है। जो महीनों में होता था वह अब सप्ताह या कुछ ही दिनों में हो रहा है, जबकि एक दिन में होने वाला काम महज कुछ घंटों या सेकंडों में हो रहा है। इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ी ताक़त है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई। अब एआई तकनीसे रोबोट जटिल से जटिल सर्जरी तक कर रहे हैं।

**देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा अब एआई को लेकर गंभीर**

## हर क्षेत्र में बढ़ती जा रही भूमिका

एआई की भूमिका हर क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है। हर देश अपने स्वदेशी उपकरणों को और आधुनिक बनाने के लिए इस तकनीक का प्रयोग कर रहा है। एआई हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रच रही है और रोजगार के नए नए अवसर पैदा कर रही है। ऐसे में युवा शक्ति इस तकनी को अपनाकर अपना करियर किसी भी क्षेत्र में चमका शक्ति है। एआई 10वीं और 12वीं पास छात्रों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। यह विभिन्न क्षेत्रों में कोर्स के मौके देकर छात्रों के लिए भविष्य के नए द्वार खोल रही है। इससे छात्र भी नए नए इनोवेशन के जरिये अपने करियर को बेहतर बना रहे हैं।

## लगभग हर क्षेत्र में आ रहा काम



**बन रहा समय की जरूरत**

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा ही नहीं, अब बन रहा जरूरत**

## पढ़ाई और करियर में एआई की भूमिका

आज के विद्यार्थी सिर्फ किताबों तक सीमित ही नहीं हैं। वे एआई की मदद से वे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर नई-नई स्किल्स सीख सकते हैं। चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को और आसान बना रहे हैं। मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, और वेब डेवलपमेंट जैसी तकनीकें एआई के जरिये और आसान हो रही हैं। ये केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में बदलाव की क्रांति ला रही हैं। इससे युवाओं को बेहतरीन अवसर मिल रहे हैं।

## रोजगार के नए अवसर

आज से 10 साल पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा कि डेटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर या एआई एथिक्स ऑफिसर जैसे पद होंगे। लेकिन अब ये युवाओं के लिए सबसे चर्चित करियर बन चुके हैं। युवाओं के लिए यह मौका है कि वे सिर्फ़ पारंपरिक नौकरियों पर न रुकें, बल्कि भविष्य की नौकरियों के लिए खुद को तैयार करें। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और छात्रों के लिए बेहतरीन मौके। एआई के जरिये सिर्फ कीबोर्ड से घर बैठकर भी पैसा कमाना आसान बन रहा है।

### स्किल्स ही सबसे बड़ा हथियार

डिजिटल दुनिया के लिए डिग्री ज़रूरी है, लेकिन अब सिर्फ डिग्री से नौकरी मिलना मुश्किल है। एआई के इस युग में प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिसिस, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी जैसी स्किल्स आपको भीड़ से अलग पहचान दिला सकती हैं। ऐसे क्षेत्रों में आप एआई के कोर्स कर अपने भविष्य को संवार सकते हैं।



**चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को बना रहे आसान**

## डर नहीं, दोस्त बनाइए

देखने में आया कि कुछ लोग कहते हैं कि एआई नौकरियां छीन लेगा। लेकिन सच्चाई यह है कि एआई उन लोगों की मदद करेगा जो नई स्किल्स सीखेंगे। यानी, एआई से डरने की जगह हमें इसे अपना दोस्त बनाना चाहिए। जब आप एआई को अपना दोस्त बना लेंगे तो आपके करियर और भविष्य को चमकने से कोई नहीं रोक सकता।

## युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

- युवाओं के लिए आई एक सुनहरा अवसर है। यह उन्हें न सिर्फ करियर की नई दिशा देगा, बल्कि दुनिया को बदलने का मौका भी देगा। इसलिए आज से ही तय कीजिए कि आप एआई को एक डर की तरह नहीं, बल्कि अवसर के नए द्वार की तरह अपनाएंगे और अपने भविष्य को सुरद्धक्षित बनाएंगे। यह छात्रों के करियर में चार चांद लगाएगा और आपको टेक्नीकली रूप ये मजबूत बनाएगा। नौकरी की नई राह खुलेगी।

## एआई कोर्स करने के लिए टॉप संस्थान

1. IIT बॉम्बे – AI व डेटा साइंस
2. IIT दिल्ली – मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग
3. IIT मद्रास – B.Sc. Data Science & AI (ऑनलाइन/ऑफलाइन)
4. IIT हैदराबाद – AI में विशेष M.Tech प्रोग्राम
5. IISc बैंगलोर – कंप्यूटर साइंस व मशीन इंटेलिजेंस
6. IIIT हैदराबाद – डेटा साइंस व रोबोटिक्स
7. IIIT बेंगलुरु – AI व मशीन लर्निंग सर्टिफ़िकेशन
8. IIM बेंगलुरु/अहमदाबाद – AI व बिज़नेस एनालिटिक्स (मैनेजमेंट दृष्टिकोण से)
9. CDAC (Centre for Development of Advanced Computing) – AI व एडवांस्ड कंप्यूटिंग डिप्लोमा
10. JNU व दिल्ली यूनिवर्सिटी – डेटा साइंस व AI संबंधित M.Sc./Diploma

## यहां से करें डिग्री/डिप्लोमा

- B.Tech./B.Sc. in AI/Data Science/Computer Science – 4 साल
- M.Tech./M.Sc. in AI/Machine Learning – 2 साल
- PG Diploma in AI/ML (CDAC, IITs, IIITs) – 1 साल
- Certificate Courses (Coursera, NPTEL, Udemy, EdX) – 3 से 6 महीने

### यह मिल सकती है सैलरी

- (Fresher): 6–10 लाख प्रति वर्ष (AI इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट)
- Mid-Level (5–8 साल): 15–25 लाख प्रति वर्ष
- Senior Roles (10+ साल): 30–50 लाख+ (AI Architect, Research Scientist)

---

# छात्र नई तकनीक सीखें, सोशल मीडिया पर समय न करें बर्बाद



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश जहां युवा आबादी की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। यह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आज का युवा न केवल भारत का भविष्य है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। लेकिन इस ऊर्जा और अवसरों को सही दिशा में लगाना जरूरी है। आज के दौर में, जहां सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया हमारा ध्यान खींचती है, हमें यह समझना होगा कि समय का सही उपयोग और नई तकनीकों को सीखना ही हमें आगे ले जाएगा। सोशल मीडिया ने हमें एक-दूसरे से जोड़ा है, जानकारी साझा करने का एक आसान तरीका दिया है, लेकिन क्या हम इसका उपयोग सही तरीके से कर रहे हैं? घंटों स्क्रॉल करना, रील्स देखना, या बिना उद्देश्य के चैटिंग करना हमें तात्कालिक खुशी तो दे सकता है, लेकिन यह हमारा समय चुरा लेता है।

## यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें

वह समय, जो हम नई तकनीक सीखने, अपने कौशल को निखारने और अपने करियर को मजबूत करने में लगा सकते हैं। सोशल मीडिया का उपयोग करें, लेकिन सीमित और स्मार्ट तरीके से। इसे अपने ज्ञान को बढ़ाने, नई तकनीकों के बारे में जानने और प्रेरणा लेने का जरिया बनाएं। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से सीखें, या एक्स पर विशेषज्ञों की पोस्ट पढ़ें।

**नई तकनीक**: भविष्य का आधार

आज का युग तकनीक का युग है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटासाइंस, क्लाउडकंप्यूटिंग, और वेबडेवलपमेंट जैसी तकनीकें न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में क्रांति ला रही हैं। भारत में स्टार्टअप्स और टेक कंपनियां इन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही हैं, और वे युवाओं को अवसर प्रदान कर रही हैं। लेकिन इन अवसरों को हासिल करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। तकनीक सीखना न केवल आपको नौकरी के लिए तैयार करता है, बल्कि यह आपको आत्मनिर्भर और नवाचार करने वाला बनाता है। चाहे आप कोडिंग सीखें, डेटा विश्लेषण करें, या साइबर सिक्योरिटी में महारत हासिल करें, ये कौशल आपको वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।

**कौशल क्यों महत्वपूर्ण हैं?** : भारत में 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा शक्ति हमारा सबसे बड़ा संसाधन है। लेकिन बिना कौशल के यह शक्ति अधूरी है। आज की नौकरियां डिग्री से ज्यादा कौशल पर निर्भर करती हैं। टेक कंपनियां ऐसे लोगों की तलाश में हैं जो प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग, डेटाएनालिसिस, या डिजिटलमार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में पारंगत हों।

**उदाहरण के लिए: कोडिंग**: पायथन, जावा, या जावास्क्रिप्ट सीखने से आप सॉफ्टवेयरडेवलपमेंट में करियर बना सकते हैं।

**डेटासाइंस**: डेटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग की मांग हर उद्योग में बढ़ रही है।

**डिजिटलमार्केटिंग**: सोशल मीडिया का सही उपयोग करके आप ब्रांड्स के लिए ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ा सकते हैं।

**साइबर सिक्योरिटी**: डिजिटल दुनिया को सुरक्षित रखने की जरूरत आज पहले से कहीं ज्यादा है। ये कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि फ्रीलांसिंग, स्टार्टअप शुरू करने, या स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करते हैं।

## समय का सही उपयोग कैसे करें ?

**लक्ष्य स्पष्ट करें**: आप किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं? **AI**, वेबडेवलपमेंट, या कोई और तकनीक? अपने लक्ष्य को स्पष्ट करें।

**ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें**: कोर्सेरा, उडेमी, यूट्यूब, और फ्रीकोडकैंप जैसे मुफ्त संसाधन उपलब्ध हैं। इनसे नई तकनीक सीखें।

**समय प्रबंधन**: रोजाना 1-2 घंटे तकनीक सीखने के लिए निकालें। सोशल मीडिया पर बिताने वाला समय कम करें।

**प्रोजेक्ट बनाएं**: जो सीखा, उसे लागू करें। छोटे-छोटे प्रोजेक्ट बनाकर अपने कौशल को परखें।

**नेटवर्किंग**: लिंक्डइन और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर तकनीकी विशेषज्ञों से जुड़ें और उनसे सीखें।

**भारत के युवा**: दुनिया को बदलने की ताकत भारत के युवा न केवल अपने देश के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बन सकते हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, और अमेजन जैसी कंपनियों के सीईओ से लेकर स्टार्टअप्स के संस्थापक तक, भारतीय युवा हर जगह अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। लेकिन यह सफलता मेहनत, अनुशासन, और कौशल से मिलती है। सोशल मीडिया पर समय बर्बाद करने के बजाय, अपने समय को निवेश करें। हर दिन कुछ नया सीखें, अपने कौशल को निखारें, और भारत को तकनीकी दुनिया का नेतृत्व करने में मदद करें। यह आपका समय है, इसे बर्बाद न करें इसे बनाएं!

**आज से शुरुआत करें, क्योंकि आपका भविष्य आपके हाथों में है**

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पावासी किस वस्तु के उत्पादन में सर्वप्रथम थे?
(ए) मुद्राएं (बी) कांसे के औजार
(सी) कपास (डी) जौ

**2.** निम्नलिखित विद्वानों में से हड़प्पा सभ्यता का सर्वप्रथम खोजकर्ता कौन था ?
(ए) सर जॉन मार्शल
(बी) आर. डी. बनर्जी
(सी) ए० कनिंघम
(डी) दयाराम सहनी

**3.** सिंधु सभ्यता का पत्तननगर (बंदरगाह) कौन-सा था ?
(ए) कालीबंगन (बी) लोथल
(सी) रोपड़ (डी) मोहनजोदड़ो

**4.** पैमानों की खोज ने यह सिद्ध कर दिया है कि सिंधु घाटी के लोग माप और तौल से परिचित थे। यह खोज कहाँ पर हुई ?
(ए)कालीबंगन (बी)हड़प्पा
(सी)चहुदड़ी (डी)लोथल

**5.** हड़प्पाकालीन समाज किन वर्गों में विभक्त था ?
(ए)शिकारी, पुजारी, किसान, क्षत्रिय
(बी)विद्वान, योद्धा, व्यापारी, श्रमिक
(सी)ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र
(डी) राजा, पुरोहित, सैनिक, शूद्र

**6.** सिंधु सभ्यता का सर्वाधिक उपयुक्त नाम क्या है?
(ए) हड़प्पा सभ्यता
(बी) सिंधु सभ्यता
(सी) सिंधु घाटी सभ्यता
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** हड़प्पा सभ्यता की खोज किस वर्ष में हुई थी ?
(ए)1935 ई. (बी)1942 ई.
(सी)1901 ई. (डी)1921 ई.

**8.** हड़प्पा सभ्यता के बारे में कौन-सी उक्ति सही है ?
(ए) उन्हें अश्वमेध का जानकारी थी
(बी) गाय उनके लिए पवित्र थी
(सी) उन्होंने पशुपति का सम्मान करना आरंभ किया
(डी) उनकी संस्कृति सामान्यतः स्थिर नहीं थी।

**9.** हड़प्पा के लोगों की सामाजिक पद्धति...... थी
(ए) उचित समतावादी
(बी) दास-श्रमिक आधारित
(सी) वर्ण आधारित
(डी) जाति आधारित

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(डी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8. (सी) 9. (ए)

## खबर संक्षेप

### दो करोड़ की हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक सेल पुलिस ने गश्त के दौरान सिविल लाइन थाना क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार युवक को 588 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई हेरोइन की कीमत करीब दो करोड़ रुपये आकी गई है। एंटी नारकोटिक सेल सिरसा की एक पुलिस टीम एएसआई विनोद कुमार के नेतृत्व में गश्त व चैकिंग के दौरान बरनाला रोड स्थित न्यू हाउसिंग बोर्ड चौक पर मौजूद थे। इस दौरान मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि रानियां के वार्ड नंबर आठ हाल प्रेम नगर की गली नंबर छह निवासी जसप्रीत सिंह उर्फ तोती हैराइन की तस्करी करता है और वह अपने बाइक पर हैराइन तस्करी के लिए जाएगा।

### मूर्ति स्थापना दिवस को लेकर निकाली शोभा यात्रा

**कालांवाली।** कालांवाली के खुह वाला बाजार में स्थित श्री अर्धनारीश्वर नर्मदेश्वर त्रिवेणी शिव मंदिर में दूसरे मूर्ति स्थापना दिवस को लेकर शहर में ध्वजा व शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा मंदिर से शुरू होकर पुरानी सब्जी मंडी, वाटर वर्क्स रोड, रेलवे फाटक, खोखा मार्केट, अनाज मंडी, पुराना थाना रोड, पंजाब बस स्टैंड, पुराना पंजरत्न सिनेमा रोड से होती हुई वापिस मंदिर में पहुंची।

### घरों के बाहर लगेंगे स्कैनर, तैयारी शुरू

फतेहाबाद। शहर में 1 अक्टूबर से घरों के आगे आरएफ आईडी यानि रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन डिवाइस लगाने का काम शुरू हो जाएगा। नगर परिषद प्रशासन की ओर से करीब 26 हजार घरों व दुकानों के बाहर यह आईडी लगाई जाएगी। इसके बाद गलियों में कूड़ा ले जाने के लिए गाड़ी नहीं आने की शिकायतें खत्म हो जाएंगी। बता दें कि 12 सितंबर को ही नगर परिषद प्रशासन ने एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी किया है।

### साइबर फ्रॉड : पीड़ित को वापस दिलवाए 45 हजार

**फतेहाबाद।** थाना भुना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में पीड़ित की 45 हजार की पूरी राशि वापस दिलाने में सफलता प्राप्त की है। भुना थाना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे शिकायतकर्ता युवराज शर्मा ने ऑनलाइन धोखाधड़ी की सूचना दी थी, जिसमें उसके साथ 45 हजार की ठगी की गई थी। शिकायत मिलते ही साइबर हेल्प डेस्क के सहयोग से तीव्र कार्रवाई शुरू की गई।

### मुआवजा राशि देने को आप से सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** बाढ़ प्रभावित लोगों को पंजाब सरकार के तर्ज पर मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पार्टी जिलाध्यक्ष हैप्पी रानियां ने बताया कि हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा ने हजारों परिवारों, विशेष रूप से किसानों और ग्रामीण समुदायों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। हरियाणा सरकार ने बाढ़ प्रभावितों के लिए कुछ मुआवजा राशि जैसे व्यक्ति की मृत्यु पर चार लाख रुपए, फसल नुकसान सात हजार से 15 हजार प्रति एकड़ दिलवाने की मांग उठाइ।


## गोष्ठी में आत्म निर्भर भारत व स्वदेशी अपनाओ विषय पर चर्चा

# पं. दीनदयाल भारतीय राजनीति में थे एक आदर्श और मार्गदर्शक

आत्मनिर्भर भारत से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए: प्रवीण जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

बीजेपी जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने की। इस अवसर पर विशेष रूप से चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा व पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने शिरकत की। सर्वप्रथम बीजेपी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावांजलि दी तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति में एक आदर्श और मार्गदर्शक रहे हैं। उनका दर्शन अंत्योदय यानी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना, आज भी भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि उपाध्याय केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि एक गहन चिंतक और महान विचारक भी थे, जिन्होंने एकात्म मानववाद की अवधारणा दी। जोड़ा ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी सदैव पथप्रदर्शक रहेंगे।



**फतेहाबाद।** विचार गोष्ठी को संबोधित करते बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

### आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश होगा मजबूत

चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य विकसित भारत बनाना है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। आत्मनिर्भर भारत से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। किसान, मजदूर, व्यापारी और महिलाएं सभी वर्ग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया के तहत उत्पादन को बढ़ाकर विदेशों पर निर्भरता घटाई है। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेक इन इंडिया को नई दिशा दी है। पूर्व सांसद ने कहा कि स्थानीय उत्पादों को अपनाना देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है। मोदी सरकार का प्रयास है कि भारत दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब बने। स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से विदेशी आयात पर निर्भरता कम हुई है। इस अवसर पर राजपाल बैनीवाल, अशोक जाखड़, विकास लालोढा, जगदीश शर्मा, भीम लाम्बा, सविता टुटेजा, संजय रेवड़ी, सुमन खीचड़, सुमन बजाज, अंकित सिंगला, विकास शर्मा, निर्मल नागपुर, संदीप, रामकुमार मेहरा, हरीश आहूजा, संकेत गर्ग, सुभाष साहू, राममेहर धारसूल, प्रदीप माडन, सुभाष चन्दोरा, विजय जांगड़ा, जसवंत माचरा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लाडो लक्ष्मी योजना के लिए उमड़ी भीड़

**फतेहाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ कर दिया गया है। इस योजना के तहत हरियाणा की 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को हर माह 2100 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ उठाने के लिए हरियाणा निवास प्रमाण पत्र यानि डोमिसाइल अनिवार्य है, जिस कारण नगर परिषद कार्यालय में डोमिसाइल बनवाने वालों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कार्यालय में लंबी कतारों के चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाभार्थियों और आम नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि योजना से संबंधित दस्तावेजी कार्य के लिए विशेष काउंटर या स्पेशल डेस्क स्थापित किया जाए, ताकि लोगों को योजना का लाभ पाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

# आयोग की टीम ने स्कूलों का किया निरीक्षण



**फतेहाबाद।** स्कूली बच्चों से बातचीत करते बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य।

■ आयोग की टीम ने फतेहाबाद के अधिकारियों के साथ डीएलएसए हाल फतेहाबाद में बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, पंचकूला के सदस्यों अनिल कुमार लाठर व श्याम शुक्ला द्वारा जिला का दौरा किया गया। इस दौरान आयोग की टीम ने फतेहाबाद के अधिकारियों के साथ डीएलएसए हाल फतेहाबाद में बैठक की। बैठक में उन्होंने रोडवेज जीएम को निर्देश दिए कि बाल हित को ध्यान में रखते हुए बस स्टैंड व बसों में बाल मजदूरी व भिक्षावृति को रोकने के लिए पोस्टर लगाए जाएं व कार्यवाही की जाए।

जिला शिक्षा अधिकारी को कहा गया कि स्कूलों को निर्देश जारी करें कि प्रिंसीपल रूम में पर्दे न हों। सभी अध्यापकों व स्टाफ की पुलिस वैरीफिकेशन हो, पोक्सो कमेटी बनी हो व स्कूल स्टाफ का पूर्ण विवरण सहित बैनर कार्यालय में लगा हो, इस संबंध में समय समय पर स्कूलों में जांच की जाए।

#### यह निर्देश दिए

बाल कल्याण समिति व जिला बाल संरक्षण अधिकारी को निर्देश दिए कि पोक्सो से संबंधित सभी केसों की काउंसलिंग समय समय पर करते रहें तथा यथासंभव मदद की जाए। एएचटीयू को निर्देश दिए गए कि बच्चों के संदर्भ में व अप्रवासी लोगों के लिए ईंट भटटों व अन्य जगहों पर जाकर ऐसे लोगों की सूचि तैयार करें व विभाग को दें। सदस्यों द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी विभाग समय समय पर टीम बनाकर सभी स्कूलों का दौरा करें व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों का पालन करवाना सुनिश्चित करें।

आरटीए विभाग को निर्देश दिए गए कि स्कूल बसों की फिटनैस संबंधी सभी चीजें चैक करें और कमी पाई जाने वाली बसों के चलान या इम्पाउंड करें। ट्रैफिक पुलिस को कहा गया कि समय समय पर स्कूल बसों, ड्राइवरों की जांच करते रहें बसों में प्रैशर हार्न और हाई स्पीड आदि जांचें, ताकि किसी तरह की लापरवाही न हो।

# ‘चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है’ भजनों पर जमकर झूमे माता के भक्त

■ गुरुकृपा सेवा मंडल ट्रस्ट ने नवरात्र पर किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गुरुकृपा सेवा मंडल ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर माता की चौकी का आयोजन सतीश कॉलोनी में दीपक सुनारिया के निवास स्थान पर किया गया। माता जी चौकी का शुभारंभ परिवार के सदस्यों ने माता रानी की पावन ज्योति का दीप जलाकर माता रानी का आह्वान करते हुए किया। उसके बाद टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने गणेश वंदना और गुरुवंदना के साथ माता रानी की सुंदर सुंदर भेंट ‘माता रानी फल देगी, आज नहीं तो कल देगी, तू सच-सच आख वे जोगी माँ मिल सी जाना मिल सी, चलो बुलाया आया है माता ने बुलाया है, की प्रस्तुत की। उसके बाद ममता मेहता ने सुंदर सुंदर भजनों के साथ समां बांधा वहीं वंश मुटरेज़ा ने माता रानी की महिमा का गुणगान किया और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारत टुटेजा ने सुंदर भजनों के साथ सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में माता रानी का दरबार देखने योग्य था। अंत में माता रानी की आरती की और उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर भव्यम, योनित, भारत टुटेजा, कृष्ण, ममता तनेजा, ममता, सरोज, किरण, केशव, सागर, सुशीला, पूनम, अलका आदि मौजूद थे। अंत में भव्यम व सुनारिया परिवार ने गुरुकृपा मंडल के प्रधान भारत टुटेजा का सम्मान किया।



**फतेहाबाद।** कलाकार भारत टुटेजा को सम्मानित करते श्रद्धालुगण।

### नशा मुक्ति टीम ने युवाओं को जागरूक किया

**फतेहाबाद।** एसपी सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में जिलेभर में नशा मुक्ति अभियान लगातार जारी है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद द्वारा गांव भूदड़वास व झलनियां में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

नशा मुक्ति टीम ने सबसे पहले गांव भूदड़वास स्थित दशमेश स्कूल के विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। टीम के सदस्यों ने बच्चों को बताया कि नशा केवल स्वास्थ्य को ही नहीं बल्कि परिवार, शिक्षा और भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आस-पास के लोगों को भी नशे से बचने की प्रेरणा दें।

# जब हम वर्तमान में जीते हैं, तो कल की चिंताए अपने आप दूर हो जाती हैं : कोमल

■ एमएम कॉलेज, फतेहाबाद में ‘आर्ट ऑफ लिविंग’ पर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

एमएम कॉलेज, फतेहाबाद में छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं जीवन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वूमैन सैल द्वारा ‘आर्ट ऑफ लिविंग’ विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप-प्राचार्या एवं वूमैन सैल अध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी कोहली ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंची सुश्री कोमल अग्रवाल ने छात्राओं को जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से जीने, संतुलित रहने तथा आंतरिक शांति प्राप्त करने के उपायों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारा मन अक्सर या तो अतीत की बातों में उलझा रहता है या भविष्य की चिंताओं में। आर्ट ऑफ लिविंग हमें सिखाता है कि जीवन की असली खुशी केवल वर्तमान क्षण में ही है। जब हम वर्तमान में जीते हैं, तो कल की चिंताएं अपने आप दूर हो जाती हैं।



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं।

### रात्रि ठहराव कार्यक्रम में डीसी व एसपी ने सुनीं शिकायतें

**फतेहाबाद।** भूना खंड के गांव घोटडू के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में जिला प्रशासन की ओर से रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने नागरिकों की शिकायतों को सुना और मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में कुल 19 शिकायतें सुनी गई। इससे पहले गांव में पहुंचने पर ग्राम पंचायत की ओर से सरपंच गुलाब शर्मा ने उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का स्वागत किया। गांव में पहुंचने पर सबसे पहले उपायुक्त ने गांव में बने आंगनबाड़ी केंद्र, ई-लाइब्रेरी, अमृत सरोवर सहित अन्य स्थानों का दौरा किया और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उपायुक्त ने स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण करते हुए नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



**फतेहाबाद।** गांव घोटडू में रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की शिकायतें सुनते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। *फोटो : हरिभूमि*



**फतेहाबाद।** विशेष प्रचार अभियान के दौरान सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार प्रसार करते कलाकार।

### लोक कलाकारों ने भजनों किया मंत्रमुग्ध

**फतेहाबाद।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की विभागीय भजन मंडलियां गांव-गांव जाकर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं का व्याख्यान गीतों, भजनों व रागनियों के माध्यम से कर रही है। सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार ने बताया कि विशेष प्रचार अभियान के तहत अजय एंड महावीर पार्टी ने भूना खंड के गांव नहला और घोटडू, बलराज एंड पार्टी ने टोहाना ब्लॉक के गांव पारता व पिरथला तथा जय सिंह एंड पार्टी ने फतेहाबाद खंड के गांव गिल्लांखेड़ा सरकार की योजनाएं बताईं।

### मार्केट कमेटी के पदाधिकरियों का स्वागत

**फतेहाबाद।** बीजेपी जिला कार्यालय में अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें फतेहाबाद जिले की सभी मार्केट कमेटी में नवनियुक्त किए चेयरमैन व वाईस चेयरमैनों का अभिनंदन किया गया। बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व चेयरमैन भारत भूषण मिडढ़ा ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा भाजपा हाई कमान की ओर से मिली नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं व बधाई दी। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने महत्वपूर्ण नियुक्तियों के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इन नियुक्तियों के माध्यम से माध्यम से हरियाणा के विकास और किसान हित में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।



**फतेहाबाद।** मार्केट कमेटी के नए चेयरमैनों व वाईस चेयरमैनों का स्वागत करते बीजेपी नेता। *फोटो : हरिभूमि*



**फतेहाबाद।** चौ. देवीलाल की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते जजपा नेता व कार्यकर्ता।

### जजपा ने किया ताऊ देवीलाल को नमन

**फतेहाबाद।** जननायक जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय ताऊ देवीलाल के 112वें जन्मदिवस के अवसर पर जाट धर्मशाला के सामने फतेहाबाद में स्थित ताऊ देवीलाल जी की प्रतिमा स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर ताऊ देवीलाल जी के संघर्ष के साथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पार्टी के जिला प्रेस प्रवक्ता कुलदीप सिगड़ ने बताया कि ताऊ देवीलाल हर वर्ग के लोकप्रिय नेता रहे हैं। जिला प्रधान रविंद्र बेनीवाल ने कहा कि ताऊ देवीलाल के विचार और संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जननायक जनता पार्टी निरंतर प्रयासरत है। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव कुलजीत कुलडिया, पूर्व प्रत्याशी व हलका अध्यक्ष सुभाष गोरछिया, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साधु राम गोरखपुर, चेयरमैन होशियार लाल, प्रदेश महासचिव खेरातीलाल छोकर आदि रहे।

### शिव धनुष टूटते ही सीता ने श्रीराम को पहनाई माला

**रतिया।** बाबा बंदा सिंह बहादुर स्टेडियम में शक्ति नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के चौथे दिन सीता स्वयंवर का मंचन किया गया। मंचन में भगवान राम, लक्ष्मण और मुनि विश्वामित्र के जनकपुरी आगमन से लेकर धनुष तोडने तक की घटनाओं को प्रस्तुत किया गया। चौथे दिन रामलीला मंचन का शुभारंभ अरोड़वंश महासभा के अध्यक्ष राजपाल ग्रोवर द्वारा किया गया। इस दौरान सभा सदस्य एडवोकेट सतपाल सेठी, बिट्टू मोंगा, हैप्पी सेठी, रंजीत बिट्टू, राजू अरोड़ा, मोहन कुमार, सब्जी मंडी से नरेश कक्कड़, संजय बतरा, रजिंदर बतरा पपू, गुलशन ग्रोवर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। रामलीला के चौथे दिन के मंचन में दिखाया गया कि राक्षसों का वध करने के बाद गुरु विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को जनकपुरी लेकर आते हैं, जहां राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता का स्वयंवर रचा है। शर्त होती है कि जो शिव के धनुष को तोड़ेगा, वही सीता से विवाह कर सकेगा।



**रतिया।** रामलीला का मंचन करते कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

## अतिक्रमण हटे, कंडम ढांचे ढहे, सड़कें चौड़ी हुईं, लोगों को मिली राहत

# भूना में अवैध निर्माण के खिलाफ चला प्रशासन का बुलडोजर, हड़कंप

डीएमसी बोले: जनता का साथ मिलना शुभ संकेत, शहर को मॉडल टाउन बनाने की दिशा में बढ़े कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना




शहर को अतिक्रमण मुक्त और जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए जिला म्युनिसिपल कमिश्नर (डीएमसी) संजय बिश्नोई ने शुक्रवार सुबह भूना का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अनधिकृत निर्माण और कब्जों को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। साथ ही, बरसात से पहले नालियों की सफाई कर जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।डीएमसी बिश्नोई ने कहा कि इस अभियान को शहरवासियों का सहयोग मिलना प्रशासन के लिए उत्साहवर्धक है।

### अवैध व जर्जर ढांचे को जेसीबी से गिरा दिया

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान एक बार की कार्रवाई नहीं, बल्कि सतत प्रक्रिया होगी।कंडम ढांचे जेसीबी से ढहाए, चौक की मिली नई सूरतनगर पालिका के सचिन दीपक कुमार व एमई नरेन्द्र सिंह पंवार ने जानकारी दी कि शहीद भगत सिंह चौक पर बने अवैध व जर्जर ढांचे को जेसीबी से गिरा दिया गया है। इससे न केवल सड़क चौड़ी हुई है, बल्कि क्षेत्र की यातायात व्यवस्था भी सुगम होगी। उन्होंने बताया कि शहर में ऐसे अन्य एक्सीडेंटल पॉइंट्स को भी चिन्हित कर हटाया जा रहा है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि अब चौक पर बना कचरे का डंपिंग पॉइंट भी हटाया जाएगा, जिससे स्वच्छता और सौंदर्य दोनों को बढ़ावा मिलेगा।उन्होंने लोगों की जागरूकता और सकारात्मक रवैये की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान भूना को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।उन्होंने बताया कि शहर में रेहड़ी-पटरी वालों के लिए अलग से निर्धारित स्थल तय किए जा रहे हैं, जिससे न सिर्फ अतिक्रमण रुकेगा, बल्कि छोटे दुकानदारों को व्यवस्थित जगह भी मिल सकेगी।

**खबर संक्षेप**

### वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक 28 को

**फतेहाबाद**।वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक प्रधान ईश्वर देवी सेठी की अध्यक्षता में 28 सितंबर रविवार को सांय 4.30 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं बारे विचार विमर्श किया जाएगा तथा एक अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाने बारे विचार विमर्श किया जाएगा।

### ध्यान प्रयोग कार्यक्रम कल सिरसा में

**सिरसा**। रानियां रोड स्थित ग्रीन आईलैंड रिसोर्ट में 28 सितंबर को सांय 4.15 बजे से 7 बजे तक आध्यात्मिक प्रश्नोतर एवं ध्यान प्रयोग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रवक्ता गुलशन चुघ ने बताया कि कार्यक्रम में सान्निध्य स्वामी शैलेंद्र सरस्वती व मां अमृत प्रिया का रहेगा।

### वीएलडीए/बीएलईओ की कार्यकारिणी गठित

**सिरसा**। वीएलडीए/बीएलईओ की जिला कार्यकारिणी कमेटी गठन के लिए शुक्रवार को चुनाव करवाया गया। कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से प्रधान मनीष जीवीडी अहमदपुर, उपप्रधान पवन कुमार एसबीओ कार्यालय सिरसा, सचिव मोहित तोलनियां जीवीडी रामपुरा बिश्नोईयां, उपसचिव जितेंद्र कुमार जीवीडी देसुमलकाना, कोषाध्यक्ष गौरव कुमार जीवीडी अमृतसर खुर्द, मीडिया सचिव अमनदीप व अन्य मौजूद रहे।

### औद्योगिक इकाइयों में कार्यक्रम का आयोजन

**सिरसा**। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सर्टिफाइंग सर्जन हिसार जोन की ओर से श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता पखवाड़ा के तहत मैसर्स जगदंबे पेपर मिल और मैसर्स दीपम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की औद्योगिक इकाइयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को

**सिरसा**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 13 दिसंबर को न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

### एक मुश्त समाधान योजना का 27 सितंबर तक

**सिरसा**। सरकार द्वारा एक अप्रेल 2025 से एक मुश्त समाधान योजना शुरू की गई है। इस योजना के अन्तर्गत एक लाख तक के बकाया कर तथा ब्याज व जुर्माने को पूर्ण रूप से माफ किया जाएगा। उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त अंजु सिंह ने बताया कि यह योजना व्यापारियों के लिए पिछली योजनाओं से अधिक लाभदायक है, जिसका लाभ उठाने की अंतिम तिथि 27 है। उन्होंने बताया कि पिछले समय से बहुत से व्यापारियों ने योजना का लाभ उठाया

## सिरसा विवि में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज पर कार्यक्रम का आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण समय की मांग: गर्ग

**आल इंडिया कॉउन्सिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन की तरफ से प्रोफेसर बी.के. शर्मा ने रिसोर्स पर्सन को संबोधित किया**



सिरसा। सीडीएलयू में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में आयोजित यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज पर आधारित स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे दिन विश्वविद्यालय के पर्यावरण मामलों के सलाहकार मित्तर सैन गर्ग ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की मांग है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, जब तक हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और कचरा-मुक्त नहीं बनाएंगे, तब तक हरियाली टिकाऊ नहीं रह सकती। इस कार्यक्रम को दीप प्रज्वलन के साथ आरम्भ किया।

आल इंडिया कॉउन्सिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन की तरफ से प्रोफेसर बी.के. शर्मा ने बतौर रिसोर्स पर्सन प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मूलभूत मानवीय आकांक्षाओं, समग्र विकास और शिक्षा की भूमिका पर विस्तृत विचार साझा किए। उन्होंने ह्यूमन वैल्यूज की अवधारणा पर चर्चा करते हुए बताया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसका लक्ष्य व्यक्तित्व का समग्र विकास होना चाहिए।

रिसोर्स पर्सन ने कहा कि यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज केवल पुस्तकीय अवधारणाएं नहीं हैं, बल्कि इन्हें व्यवहार और जीवनशैली में उतारना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा संस्थानों में यदि इन मूल्यों को पाठ्यक्रम के साथ जोड़ा जाए, तो विद्यार्थी न केवल अच्छे पेशेवर बल्कि जिम्मेदार नागरिक भी बनेंगे। प्रो. शर्मा ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा की बढ़ाई की तथा कहा कि इस प्रकार का आयोजन शेक्षणिक संस्थानों में आयोजित करवाना समय की मांग है और सीडीएलयू प्रशासन बधाई का पात्र है जो अपने विद्यार्थियों और शोधार्थियों की बेहतरी के लिए कैंपस में बेहतर माहोल के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### मानवीय मूल्यों का ध्यान रखना जरूरी

आल इंडिया कॉउन्सिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के आब्जर्वर की भूमिका में गुरूजम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के प्राध्यापक डॉ चरणजीत मदान ने इस अवसर पर कहा कि जीवन में सही समझ, संबंधों की महत्ता, भौतिक सुविधाओं का संतुलित उपयोग और पारस्परिक सुख मानवीय मूल्यों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक संतुलित और मूल्यपरक जीवन के लिए व्यक्ति को अपने स्वयं और शरीर के सह-अस्तित्व को समझना होगा। इस संदर्भ में उन्होंने आत्म-चिंतन और स्वाभाविक स्वीकृति की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने समझाया कि व्यक्तिगत सामंजस्य, संबंधों में सामंजस्य और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करना ही सार्वभौमिक मानव मूल्यों की नींव है। सेल के एडवाइजर प्रोफेसर श्यामलाल फुटेला तथा कोर्डिनेटर डॉ रविंद्र ने बताया कि दूसरे दिन के सत्र अत्यंत इंटरैक्टिव रहे, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाएँ साझा कीं और जीवन में मानवीय मूल्यों के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर और इस कार्यक्रम के डायरेक्टर प्रोफेसर राजकुमार, प्रोफेसर राजबीर दलाल ,प्रोफेसर काशिफ किदवई, डॉ रघुविंदर, डॉ अनिल घनगस आदि उपस्थित थे।

# युवा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करें



सिरसा। छात्राओं को पौधे वितरित करते भाजपा जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

**भाजपा जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट ने किया आह्वान**

युवा पीढ़ी को ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐसा कार्य है जो हमारे योगदान को आने वाली पीढियों तक लाभ पहुंचाता है, इसलिए सभी को संकल्प लेना चाहिए कि पौधों को लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी काम करें न की पौधों को काटने की सोच रखें। भारतीय संस्कृति भी यही संस्कार देती आई है कि यहां नदियों और पौधों की भी पूजा होती है और उनका वैज्ञानिक महत्व है।

यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट ने वन विभाग द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए कही।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में जिला वन अधिकारी सतीश कुमार, वन राजिक अधिकारी हरिपाल सिंह, जिला महामंत्री अंबर मल्होत्रा, जिला उपाध्यक्ष विरेंद्र तिन्ना, मंडल अध्यक्ष सुमन शर्मा, जिला सचिव सुमन सैनी, महाविद्यालय प्रिंसिपल सज्जन कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर पौधारोपण के साथ ही छात्राओं को पौधे भी वितरित किए गए।

# पहले दिन 17 फीसदी नमी वाले धान की खरीद



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में धान खरीद शुरू करवाते पूर्व विधायक दुड़ाराम। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

**करीब 158 क्विंटल धान एमएसपी पर खरीदी गई**

शहर की अनाज मण्डी में परमल धान की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। शुक्रवार को दुकान नं. 53 से पूर्व विधायक दुड़ाराम ने धान खरीद का शुभारंभ किया। पहले दिन ढाणी बीकानेरी के किसान अनूप कुमार की करीब 158 क्विंटल धान एमएसपी पर खरीदी गई। 17 फीसदी नमीयुक्त धान होने के कारण डी ए फ ए स सी खरीद एजेंसी ने हाथों-हाथ धान की खरीद की। इससे पूर्व किसानों ने मण्डी में धान लाने के लिए गेट पास कटवाया। बता दें कि गेट पास के लिए किसान का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल का विवरण दर्ज होना जरूरी है। पूर्व विधायक दुड़ाराम ने किसानों को विश्वास दिलाया कि उन्हें उनकी मेहनत का पूरा मूल्य पारदर्शी ढंग से उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में ठोस कदम उठाते हुए मंडियों में व्यवस्थित और निष्पक्ष खरीद की व्यवस्था सुनिश्चित की है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी किसान को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की कठिनाई न आए। दुड़ाराम ने कहा कि भाजपा सरकार का संकल्प है कि किसान खुशहाल और समृद्ध बने।

किसानों की समृद्धि ही देश की प्रगति का आधार है और इसी सोच के साथ सरकार निरंतर कृषि क्षेत्र को मज़बूत बनाने के प्रयास कर रही है। दुड़ाराम ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी उपज का एक-एक दाना सरकारी खरीद में लिया जाएगा।

### व्यापार मंडल के प्रधान मौजूद रहे

इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू, उपप्रधान रामनिवास शर्मा, एसडीएम राजेश कुमार, मार्किट कमेटी चेयरमैन जगदीश जाखड़, डीएफएससी विनित जैन, मार्किट कमेटी सचिव यशपाल मेहता, विजय कक्कड़ सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# बचत उत्सव : टीमों ने किया विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान टीम ने बिलों की गहन जांच की

*जीएसटी सुधारों के बारे में व्यापारियों को दी जानकारी*



**फतेहाबाद**। बचत उत्सव के तहत विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करती टीम।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्री कर) आनंद दलाल द्वारा बचत उत्सव के तहत नियुक्त टीम ने विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जीएसटी सुधारों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था।

**पारदर्शिता की पहल :** निरीक्षण के दौरान टीम ने बिलों की गहन जांच की तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जीएसटी प्रावधानों का सही ढंग से पालन करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर कर निरीक्षक जितेंद्र नैन ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाइयों का उद्देश्य कर प्रणाली में पारदर्शिता लाना, करदाताओं में जागरूकता बढ़ाना तथा व्यावसायिक समुदाय को समय-समय पर लागू किए गए सुधारों की जानकारी प्रदान करना है।

# अध्यापक संघ की कन्वेंशन, शिक्षा पर बजट बढ़ाने की रखी मांग

- जीडीपी का 6 , केंद्रीय बजट का 10 और राज्य बजट का 30 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च किया जाना चाहिए



**भट्टूकलां**। कन्वेंशन को संबोधित करते अध्यापक नेता।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भट्टूकलां

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय कन्वेंशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड प्रधान सतपाल ढाका ने की और संचालन खंड सचिव अजय बेनीवाल ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में राज्य उप महासचिव कृष्ण नैन उपस्थित हुए। उनके साथ राज्य ऑडिटर सुरजीत दुसाद, जिला प्रधान राजपाल मिताथल, जिला सचिव देसराज माचरा भी उपस्थित रहे।

नैन ने कहा कि उनकी मांग है कि सभी के लिए सार्वजनिक शिक्षा की व्यवस्था करना, आवश्यकता अनुसार स्कूल खोलना। अध्यापकों से गैर शैक्षणिक कार्य न लिए जाएं। शिक्षा के लिए जीडीपी का 6 प्रतिशत, केंद्रीय बजट का 10 प्रतिशत और राज्य बजट का 30 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च किया जाना चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर खंड कोषाध्यक्ष जयवीर लॉयल, सहसचिव मनोज बेदी, सूरजमल, हरपाल हुड्डा, सुरेंद्र बेनीवाल, रमेश माचरा, धर्मवीर माचरा, हवा सिंह बागड़ी, रमेश चंद्र चौहान, रमेश कुमार शेरावत, रणधीर सिंह, लादूराम, सुनील कुमार, शीशपाल सिंह माचरा, मदन सिंह, रामकुमार, जिले सिंह, जयप्रकाश भाम्भु, रविंदर कुमार, सुरेंद्र व अनेक अध्यापक उपस्थित थे।

# ओढां में किसान सभा का आयोजन

- किन्नू सेवा केन्द्र फारमर प्रोडूसर कम्पनी लिमिटेड की तीसरी वार्षिक आम सभा में पहुंचे किसान



**सिरसा**। किसान को पौधा भेंट करते मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| ओढां

ओढ़ा के एक निजी पैलेस में सेंट्रल सेक्टर स्कीम के तहत नाबार्ड के सहयोग से बने किसान संगठन मंडी डबवाली किन्नू सेवा केन्द्र फारमर प्रोडूसर कम्पनी लिमिटेड की तीसरी वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में निदेशक इफको एवं आई एफएफडीसी प्रह्लाद सिंह गिल्लाखेड़ा ने किसानो को संबोधित करते हुए कहा कि किसान संगठन से किसानों को जुडने अनेक प्रकार के लाभ होते है जैसे संगठित होने से किसानो को उचित दर पर सही खाद, बीज एवं दवाओ की उपलब्धता सही समय पर प्राप्त होती है। जिससे किसानो की लागत कम और मुनाफा अधिक होता है।

मुख्य अतिथि गिलाखेड़ा द्वारा किसान संगठनो को किसानों के उत्पाद को एकत्रित कर बेचने का प्रस्ताव रखा गया. जिससे किसान की उत्पाद को मंडी तक लाने ले जाने की लागत को कम किया जा सके। सभी किसान को अपने अपने खेतों में अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए भी प्रेरित किया।

स्वरदीप सिंह सहायक महाप्रबंधक नाबार्ड हिसार ने संगठन की ताकत और संगठन के महत्व के बारे में सभी किसान सदस्यों को बताया और सभी किसान सदस्यों को नेचुरल खेती करने के लिए प्रेरित किया, जिससे समाज को निरोगी किया जा सके। बहादुर सिह गोदारा मार्केटिंग आफिसर इफको चण्डीगढ़ ने इफको के विशेष उत्पाद नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के बारे में बताया कि इन विशेष उत्पादों के प्रयोग से किसान भाई किस प्रकार से मिटटी के स्वाथ्य को सुधार सकते है।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर प्रगति शील किसान बलदेव सिंह, गुरप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, गुरचरण सिंह, सुखपाल सिंह, अमरजीत सिंह, जगरूप सिंह, नरेंद्र सिंह, कृष्ण मेहता, लखवीर सिंह, जसा सिंह, लाभ सिंह, सुखमीत सिंह, जीत सिंह, हरविंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।*

## किसानों को मुआवजे का आश्वासन

# एसडीएम ने खेतों में जाकर लिया नुकसान का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| टोहाना



टोहाना। खेतों में फसल नुकसान की समीक्षा करते एसडीएम

**गिरदावरी पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता से की जाए, लापरवाही सहन नहीं होगी**

उपमंडलाधीश आकाश शर्मा ने शुक्रवार को जाखल उप तहसील के अंतर्गत आने वाले अनेक गाँवों का दौरा कर खेतों में खड़ी और खराब हुई फसलों का निरीक्षण किया। उन्होंने फसल क्षति की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम ने बताया कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर जिन किसानों ने अपनी फसल खराबी दर्ज करवाई है, उनकी गिरदावरी का कार्य राजस्व विभाग द्वारा तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों और पटवारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का सही और समयबद्ध तरीके से परीक्षण सुनिश्चित करें ताकि किसी प्रकार की कठिनाई न आए।

एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि सभी गिरदावरी पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता से की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौके पर जाकर फसलों की वास्तविक स्थिति का आकलन करें।

# पात्र 21 लोगों को मौके पर दिए पेंशन प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

- सेवा पखवाड़ा के तहत पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को स्थानीय पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वृद्धावस्था पेंशन के पात्र 21 लोगों की मौके पर पेंशन बनाते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी डा. सुभाष चंद्र ने सुखदेव सिंह, बलविंदर, राज कुमार, कश्मीर सिंह, कमला देवी, खजान चंद तथा वीर सिंह आदि पात्र लोगों को पेंशन सर्टिफिकेट दिए गए। इस मौके पर जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मुकेश कुमार, पंचायती राज एक्सईएन गौरव भारद्वाज, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड, एसओ मनोज कुमार, अन्वेषण सुमित्रा, लेखाकार विजय पाल, सहायक सुखबीर सिंह, अनिल नैन, अशोक कुमार, सागर सतीश आदि मौजूद रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत जिले में विभिन्न जगहों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पात्र लोगों के दस्तावेज जांच के बाद मौके पर ही पेंशन प्रमाण पत्र वितरित किए ।

## पराली प्रबंधनः जिले में 74 एमटी धान अवशेष निकलने का अनुमान

# 31 गांव येलो जोन में, 688 नोडल अधिकारी नियमित करेंगे निगरानी

**जिले में 166 बैलर मौजूद हैं, जिनमें से 96 बैलर इस वर्ष ही किसानों को उपलब्ध कराए, अन्य योजनाएं भी चल रही**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने प्रदेशभर के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से धान की पराली प्रबंधन के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में कृषि विभाग के निदेशक राज नारायण कौशिक और प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के सदस्य सचिव प्रदीप डागर भी उपस्थित रहे।उपायुक्त ने बताया कि जिले में इस वर्ष लगभग 74 एमटी धान अवशेष निकलने का अनुमान है। इसके प्रबंधन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसमें 40 एमटी इन-सीटू प्रबंधन (खेत में ही अवशेष प्रबंधन), 30 एमटी एक्स-सीटू प्रबंधन (खेत से बाहर उपयोग) तथा 4 एमटी चारे के रूप में इस्तेमाल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में पराली प्रबंधन के लिए पर्याप्त मशीनरी उपलब्ध कराई गई है। जिले में 166 बैलर मौजूद हैं, जिनमें से 96 बैलर इस वर्ष ही किसानों को उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त 2102 सुपर सीडर पहले से ही किसानों के पास मौजूद हैं, इस साल भी 582 सुपर सीडर दिए गए हैं, जिनके माध्यम से पराली को सीधे मिट्टी में मिलाया जा रहा है। इस वर्ष इन-सीटू या एक्स-सीटू खेती करने वाले किसानों के लिए 1200 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे पराली जलाने के बजाय आधुनिक तकनीकों का उपयोग करें और पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनें।

### पराली प्रबंधन को लेकर कसी कमर

*फतेहाबाद के उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने जिले में पराली प्रबंधन को लेकर की गई तैयारियों का विस्तृत ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम के लिए जिला, उपमंडल, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर निगरानी समितियां गठित की गई हैं। जिले के 31 गांवों को येलो जोन में चिह्नित किया गया है। इनमें 50 किसानों पर एक नोडल अधिकारी और ग्रीन जोन के गांवों में 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस प्रकार कुल 688 नोडल अधिकारी नियमित रूप से निगरानी और किसानों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।*